**Need to restore Old Pensions Scheme.-laid**

श्री सनातन पांडेय **(बलिया) :** सरकारी कर्मियों को एक लंबे समय तक कार्य करने के उपरांत सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत पेंशन योजना की व्यवस्था की गई थी लेकिन सरकारी खर्च में कटौती के उद्देश्य से उनकी पेंशन की पुरानी व्यवस्था बदल दी गई और इसके बदले जो योजना वर्तमान में चल रही है उससे सरकारी कर्मियों में गहरा असंतोष देखने को मिल रहा है । सरकारी कर्मचारियों के असंतोष को ध्यान में रखकर वर्तमान सरकार द्वारा पुरानी पेंशन की व्यवस्था को बहाल करने के बजाय एक अन्य नई योजना लाई गई है । यह नई लाई गई व्यवस्था भी सरकारी कर्मचारियों में असंतोष को कम नहीं कर पा रही है ।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में कहना है कि सरकारी कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना की पुनर्बहाली की जाये तो सरकारी कर्मचारियों में असंतोष कम किया जा सकेगा तथा सरकारी कर्मचारियों की कार्य गुणवत्ता में सुधार हो जायेगा । अंतत: संपूर्ण भारतीय समाज के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक सुधार में तेजी आयेगी ।